हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
27 अक्तूबर 2023, बरेली

PAGE NO, 06, BOTTOM RIGHT

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कल से फिजीशियंस कांफ्रेंस

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज में 28 अक्तूबर को एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन आफ इंडिया की ओर से 40वीं वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले 2017 में भी श्रीराममूर्ति हास्पिटल में यह कांफ्रेंस आयोजित की गई थी। यह जानकारी श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ मेडिकल साइंसेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने प्रेस कांफ्रेंस में दी।

उन्होंने कहा कि इस साइंटिफिक कांफ्रेंस में देश के नामचीन फिजीशियन स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों और उनके समाधान को अपने रिसर्च के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. स्मिता गुप्ता ने बताया कि दिल्ली और उत्तराखंड सहित यूपी के लगभग सभी मेडिकल कॉलेज के करीब 600 फिजीशियन इसमें शामिल होने आ रहे हैं। इसमें डेलिगेट्स अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगे। साथ ही क्विज का भी आयोजन होगा। 97 वर्ष की उम्र में भी मरीजों की सेवा करने वाले मुरादाबाद के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. डीपी मनचंदा और बरेली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एचबी गुप्ता को कांफ्रेंस में सम्मानित किया जाएगा। कांफ्रेंस का सोविनियर भी रिलीज किया जाएगा। कांफ्रेंस में पहले दिन और दूसरे दिन 10-10 सत्रों में व्याख्यान आयोजित होंगे।